HGH INDIA® 2022
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
December 13-16, 2022
Bombay Exhibition Center, Mumbai

NEWS 2

A TEXZONE Event
www.hghindia.com

Where business feels at home!

# निर्यातक अंतर्राष्ट्रीय कलेक्शन पेश करेंगे

जैसे-जैसे भारतीय उपभोक्ताओं के विकास के साथ , वे बेहतर गुणवत्ता, अंतरराष्ट्रीय रंगों और डिजाइनों और उनके द्वारा खरीदे जाने वाले होम टेक्सटाइल के सभी खंडों में उच्च पर्फोर्मन्स की मांग कर रहे हैं, खुदरा विक्रेताओं को ग्राहकों की इस उभरती जरूरतों को पूरा करना होगा।

पिछले एक दशक में, ३०० भली भांति स्थापित निर्यात घरानों ने एचजीएच इंडिया के माध्यम से सफलतापूर्वक भारतीय घरेलू बाजार में प्रवेश किया है। आज उनके पास ऐसे ब्रांड हैं जो भली भांति स्थापित हैं और भारतीय खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं में उनकी अच्छी पहचान है।

एचजीएच इंडिया बेडशीट, टॉवल, डुएट, कम्फर्टर, डेकोरेटिव बेडिंग, रज़ाई, समर ब्लैंकेट, पर्दे, थ्रो, कुशन कवर, टेबल और किचन लिनेन, बाथ मैट्स और गलीचे, एरिया रग्स, ड्युरी, डोर मैट्स और विभिन्न प्रकार के डेकोरटिव मेड-अप के प्रमुख भारतीय निर्यातकों द्वारा ऑफर किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय होम टेक्सटाइल उत्पादों की अब तक की सबसे विस्तृत रेंज पेश करेगी।

आगामी एडिशन में, इन निर्यातकों द्वारा प्रदर्शित किए जाने वाले कुछ होम टेक्सटाइल ब्रांड्स में मास्पर, प्लुची, माइक्रो कॉटन, के.जी. डेनिम, डॉक्टर टॉवेल्स, बोनहेउर, पैनो, लिबर्टी, कालीन, बालविग्ना, गौविंस शामिल हैं। तुर्की के माइक्रोफाइबर जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।



एनर्या



पैनो

इसके अलावा असदीप फर्निशिंग्स, एलिगेंट वीवर्स, देवतारा, लकासा, भिक्षु फैब्रिक्स, मार्विन लेदर, होम फैब्रिक्स, वालम होम, लाभम, कॉर्टिना और होम स्टोरी आदि जैसे नियमित घरेलू उद्यमी भी बेडशीट्स, टॉवेल्स, डेकोरेटिव मेड- अप्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, पर्दे और विभिन्न प्रकार के होम टेक्सटाइल के अपने नए कलेक्शन का प्रदर्शन करेंगे।

इसी तरह हैंडीक्राफ्ट्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, होम फर्निचर, मैट्रेसेस, पिलो, रग्ज और कार्पेट्स, स्टेनलेस स्टील हाउसवेयर, किचनवेयर और कुकवेयर; प्लास्टिक और जनरल हाउसवेयर, टेबलवेयर और अन्य घरेलू उत्पादों के अनेक निर्यातकों ने भी भारतीय उपभोक्ताओं पर ध्यान देना शुरु किया है, क्योंकि वे देश के भीतर व्यापार के अवसरों को बड़ा और अधिक लाभदायक होते हुए देख पा रहे हैं। इससे ये निर्यातक और भारतीय खुदरा विक्रेता दोनों के लिए ही लाभ की स्थिति होगी जो अकेले आयात पर विश्व स्तरीय उत्पादों और डिजाइनों के लिए अपनी निर्भरता कम करने में सक्षम हो पाएंगे।

एचजीएच इंडिया, होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और उपहारों की पूरी रेंज के लिए घरेलू बाजार में विकास को सुगम बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। २५,००० से अधिक खुदरा विक्रेताओं द्वारा पहले से रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद, १३-१६ दिसंबर, २०२२ के दौरान चार दिवसीय ट्रेड शो आगामी स्प्रिंग/समर २०२३ रिटेल सीजन के लिए मुंबई में व्यावसायिक केन्द्र बनने के लिए तत्पर है।

# कई विशिष्ट समूहों द्वारा अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है

अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय व्यापार संवर्धन एजेंसियों द्वारा अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समूह भागीदारियों का आयोजन किया गया है, जिससे भारतीय खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, इंटिरियर डिजाइनरों और संस्थागत खरीदारों के लिए सोर्सिंग के बड़े अवसर खुले हैं। एचजीएच इंडिया एक बार फिर खरीदारों को होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर, होम फर्नीचर और गिफ्ट्स के क्षेत्र में अभी तक अछूती रचनात्मकता, उत्पाद नवाचारों, डिजाइनरों और शिल्पकारों से जोड़ेगी।



ईपीसीएच पेवेलियन

इटालियन नेशनल पवेलियन का प्रतिनिधित्व करने वाली इटालियन ट्रेड एजेंसी ९ भली भांति स्थापित डिजाइनरों और निर्माताओं को होम फर्नीचर, डेकोरेटिव ग्लासवेयर, पोर्सिलेन और आर्टीफैक्ट्स, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, वॉल डेकोर, वुडन फ्लोरिंग और इंटिरियर डिजाइन अवधारणाओं जैसी श्रेणियों को पेश करने जा रही है।

एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) दिल्ली, मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, खुर्जा, जोधपुर और जयपुर जैसे केंद्रों से २० प्रदर्शकों के एक समूह की भागीदारी को सुनिश्चित कर रही है जिनमें से कई एचजीएच इंडिया में पहली बार प्रदर्शनीकर्ता होंगे। नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (एनईसीटीएआर) द्वारा बांस, बेंत, लकड़ी, रेशम, प्राकृतिक मोतियों और पत्थरों जैसी सामग्री के संबंध में भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के हस्तशिल्प में विभिन्न विकल्पों को प्रस्तुत किया जाएगा। नेशनल डिजाइन सेंटर, दिल्ली, पूरे भारत के भारतीय शिल्पकारों द्वारा विभिन्न शिल्पों के आधुनिक एडाप्टेशन्स को प्रस्तुत करेगा। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्पेट टेक्नोलॉजी- भदोही, वाराणसी, आगरा और जयपुर जैसे केंद्रों से हस्तनिर्मित कालीन निर्माताओं के उत्पादों को पेश करेगा। राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) देश के विभिन्न हिस्सों से हथकरघा बुनकरों और हाथ से बुने हुए होम टेक्सटाइल उत्पादों जैसे कुशन कवर, बेड कवर, पर्दे, टेबल और किचन लिनेन के निर्माताओं के उत्पादों की प्रदर्शनी करेगा।

पहली बार ईपीसीएच ने एचजीएच इंडिया के किड्स होम सेक्शन में हाथ से बने खिलौनों के प्रदर्शन का आयोजन किया है।

नव-प्रवर्तन ▪ ट्रेंड्स ▪ उत्पाद ▪ सोर्सेज ▪ अवसर

# एचजीएच इंडिया में फोकस

एचजीएच इंडिया ने हमेशा भारतीय बाजार में कारोबार के विकास और उच्च संभाव्यता वाली विशिष्ट श्रेणियों के सूत्रधार और उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। प्रदर्शकों और गंभीर ट्रेड खरीदारों दोनों के लाभ के लिए इन प्रयासों को जारी रखते हुए, एचजीएच इंडिया के १२वें एडिशन में एक बार फिर से कुछ विशिष्ट श्रेणियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिनमें अप्रयुक्त व्यावसायिक क्षमता है। इनमें वर्ल्ड ऑफ स्लीप, होम फर्नीचर, स्मार्ट किचन, वॉल एंड विंडोज और किड्स होम शामिल हैं।

World of Sleep

a joint initiative by HGH INDIA

एचजीएच इंडिया के पिछले दो एडिशन में वर्ल्ड ऑफ स्लीप पैवेलियन की पहल के कारण आगंतुकों पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा है। इसने स्लीप इंडस्ट्री में नवीनतम रुझानों और नवाचारों को देखने के एक ट्रेंडिंग अवसर के तौर पर इसकी सराहना की गई है।

स्लीपवेल, कर्ल-ऑन, स्प्रिंगफिट, सेंचुरी, सर्टा, साइमन, स्प्रिंग एयर, स्लीपमैक्स, रिपोज, लिब्रा जैसे अग्रणी ब्रांड एचजीएच इंडिया के आगामी १२वें एडिशन में वर्ल्ड ऑफ स्लीप को समर्थन देना जारी रखेंगे। तीसरी बार, वर्ल्ड ऑफ स्लीप में आगंतुकों को तकनीक-संचालित नवाचारों के संबंध में गहन जानकारी मिल सकेगी, जो स्वस्थ नींद की विशेषता है। इसके अलावा, कॉम्फी, अमौरा, आरडीपी फोम, फेमस फोम जैसे कई उभरते ब्रांड और निर्माता अपनी



व्यक्तिगत यूएसपी के साथ भागीदारी करेंगे।

एचजीएच इंडिया और इंडियन स्लीप प्रोडक्ट्स फेडरेशन (आईएसपीएफ) की एक संयुक्त पहल अर्थात वर्ल्ड ऑफ से स्लीप आगंतुकों को समस्त श्रेणियों में नींद उत्पादों में नवाचारों और तकनीकी रुझानों को समझने में मदद मिलेगी।

अच्छी नींद अच्छे स्वास्थ्य का आधार होती है, यह एक सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत तथ्य है। एचजीएच इंडिया में वर्ल्ड ऑफ स्लीप पैवेलियन से रिटेलर्स और चैनल पार्टनर्स के लिए मेट्रेसेस, पिलो, ब्लैकेट्स और कम्फर्ट्स जैसे नींद उत्पादों में नवाचारों के संबंध में उपयोगी जानकारी मिल सकेगी। इन महत्वपूर्ण नींद उत्पादों की अच्छी गुणवत्ता के अलावा, ब्रांड और निर्माता मेट्रेस प्रोटेक्टर्स, स्लीपिंग बैग, स्लीपिंग पॉड्स, स्लीपिंग गैजेट्स और सही संगीत, प्रकाश, कमरे का तापमान, रंग, सुगंध और खुशबू, एयर प्यूरीफायर आदि जैसे उत्पादों के महत्व का पता लगाने में जुटे हैं ताकि एक बेहतर गुणवत्ता युक्त नींद को सुनिश्चित किया जा सके।

एचजीएच इंडिया में वर्ल्ड ऑफ स्लीप पैवेलियन से रिटेलर्स और ट्रेड विजिटर्स को नींद से संबंधित भावी रुझानों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी और उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत जरूरतों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त नींद समाधानों पर बेहतर जानकारी प्रदान करने में मदद भी उपलब्ध होगी।

वर्ल्ड ऑफ स्लीप पैवेलियन में, विशेषज्ञ अच्छी गुणवत्ता वाली नींद और बेहतर स्वास्थ्य, नींद की स्वच्छता, सुविधा, तनाव के निम्न स्तर और उत्पादकता के लिए इसकी प्रासंगिकता पर शोध के परिणों को साझा करेंगे। उपभोक्ता आज अपनी व्यक्तिगत जरूरतों के लिए नींद के समाधान की तलाश कर रहे हैं। रिटेलर्स को इससे जुड़े रहने की आवश्यकता है।

वर्ल्ड ऑफ स्लीप रिटेलर्स के लिए उनके उत्पादों की अनूठी विशेषताओं को समझने के लिए विभिन्न ब्रांड्स और निर्माताओं से सीधे जुड़ने का एक अनूठा अवसर है।

इन सभी बातों के अलावा, एक अतिरिक्त आकर्षण अर्थात प्रत्येक सत्र के लिए २० मिनट की अवधि के साथ पेशेवर टीम द्वारा फ्री रिटेलर प्रशिक्षण सत्र शामिल किया गया है। चूंकि सीटें सीमित हैं, एचजीएच इंडिया के सभी पंजीकृत विजिटर्स भी इन सेमिनार के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यदि आपने पहले से ही एक विजिटर्स के रूप में पंजीकरण करवा लिया हैं, तो सेमिनार के लिए पंजीकरण करने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें।

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdM_7kzKDRJWhl93_EtCoGdECbyeqJ9syWyyLERD0Ll9Rkabw/viewform

यदि आपने अभी तक विजिटर्स के रूप में पंजीकरण नहीं कराया है, तो कृपया यहां क्लिक करें https://www.hghindia.com/eng/otp-registration/ और ₹१,०००/- रुपये स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क बचाने के लिए ५ दिसंबर, २०२२ से पहले पंजीकरण करें। इसके बाद आप उपरोक्त लिंक पर प्रशिक्षण सत्र के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

होम फर्नीचर

an initiative by HGH India

आगामी एडिशन में, एचजीएच इंडिया द्वारा कार्यक्षमता बढ़ाने और घर की सजावट पर विशिष्ट रूप से बल देने के लिए होम फर्नीचर की अपनी श्रृंखला का और विस्तार किया जाएगा।

हॉल १ में इटालियन नेशनल पवेलियन में ९ इटालियन प्रदर्शकों में से चार में टेबल, कुर्सियों, सोफा और कैबिनेट, लकड़ी के फर्श और ग्राहकों की ज़रूरतों के मुताबित तैयार फर्नीचर जैसे अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए घरेलू फर्नीचर का प्रदर्शन किया जाएगा।

समय की कमी के कारण उपभोक्ता एक ही जगह पर संपूर्ण होम डेकोर समाधान चाहते हैं, घरेलू श्रेणियों के खुदरा विक्रेता अपने स्टोर में होम फर्नीचर की पूरी श्रृंखला जोड़ने के इच्छुक रहते हैं। फर्निशिंग, होम डेकोर और फर्नीचर रिटेलर्स, इंटेरियर डिजाइनर्स, आर्किटेक्ट्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और इच्छुक फ्रेंचाइजी के पास भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स और निर्माताओं से आधुनिक, पारंपरिक और एक्सेंट फर्नीचर तलाशने का अवसर होगा।



होम फ़र्नीचर में लिविंग रूम, डाइनिंग रूम, बेडरूम, किचन, स्टडी रूम, बाथरूम, होम ऑफ़िस फ़र्नीचर, एक्सेंट फ़र्नीचर, आउटडोर और विश्राम के लिए ज़रूरी फ़र्नीचर की पूरी रेंज शामिल होगी। इनमें सोफा, रिक्लाइनर, डाइनिंग टेबल, बेड, वार्डरोब, कॉफी टेबल, कंसोल, कैबिनेट, साइड टेबल, होम ऑफिस टेबल, चेयर, बीन बैग और पफ्पी, रॉकिंग चेयर, स्टूल, झूले, किड्स फर्नीचर, गार्डन फर्नीचर, आउटडोर फर्नीचर, रैक और ट्रॉली, बार कैबिनेट और स्टोरेज चेस्ट, ड्रेसर और मिरर, बुक शेल्फ और मैगज़ीन होल्डर, शोकेस और डिस्प्ले यूनिट आदि जैसे उत्पाद शामिल हैं।

तकनीकी प्रगति के परिणामस्वरूप, लकड़ी, बांस, बेंत, प्लास्टिक, रतन, गढ़ा हुआ लोहा, स्टील, ब्रास, ग्लास, स्टोन, एक्रिलिक, रिसाइकल्ड मटेरियल्स जैसी सामग्रियों में परिष्कृत फर्नीचर का सृजन जारी है...

शहरीकरण में बढ़ोतरी, छोटे घर और किराए के घर, भारतीय उपभोक्ताओं के फर्नीचर खरीदने के तरीके को प्रभावित कर रहे हैं। लोग आज कम लागत पर हाई फ्रेक्वेंसी के साथ अपने घरों के स्वरूप को नया रूप देना चाहते हैं।

उपभोक्ता आज रेडीमेड फर्नीचर और सॉफ्ट फर्निशिंग पसंद करते हैं जो एक दूसरे के साथ तालमेल रखते हैं। महामारी के बाद के दौर में होम-ऑफिस और जगह बचाने वाले फर्नीचर की भी मांग बढ़ रही है।

कंप्लीट होम स्टोर्स, फर्निशिंग स्टोर्स, होम डेकोर स्टोर्स और ऑनलाइन रिटेलर्स, पारंपरिक फर्नीचर स्टोर्स और कस्टमाइजेशन के अलावा फर्नीचर खरीदने की नई जगहों के रूप में उभर रहे हैं।

## स्मार्ट किचन

an initiative by HGH India

एचजीएच इंडिया के इस एडिशन में किचन को और मजबूती प्रदान करना जारी रखा जाएगा। वंडरशेफ, ग्लेन, हॉकिन्स, यू-कुक, यूनाइटेड एकता, संजीव कपूर, रेना, फिस्कर, नोल्टा, अव्के-नॉक्स, विकास, ब्रिलियंट, श्री एंड सैम, रोका जैसे मार्केट लीडर उन्नत डिजाइन, बेहतर कार्यक्षमता और खाना पकाने के साथ-साथ रसोई (किचन) प्रबंधन में सुविधा के साथ अपने नवीनतम उत्पादों को पेश करेंगे। विजिटर्स उनके उत्पादों की पूरी श्रृंखला को समझने और देखने में सक्षम होंगे।

भारतीय घरों में स्मार्ट किचन एक वास्तविकता बनती जा रही हैं। आज के मॉड्यूलर किचन, स्मार्ट उपकरणों, गैजेट्स और वॉयस असिस्टेंट के साथ अधिक समझदार हैं। कुकवेयर और किचनवेयर मैन्युफैक्चरर्स भी इस बात को समझ रहे हैं और स्मार्ट प्रॉडक्ट्स पेश कर रहे हैं। एचजीएच इंडिया २०२२ में शीघ्रतापूर्वक, स्वस्थ, पर्यावरण के अनुकूल और अधिक सुविधाजनक कुकिंग के लिए मॉड्यूलर किचन, रसोई के उपकरण, कुकवेयर और किचनवेयर के संबंध में इनोवेशन्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

हॉल ३ में स्मार्ट किचन पैवेलियन खुदरा विक्रेताओं, वितरकों और ट्रेड खरीदारों को भारत और अन्य देशों के ब्रांड्स और निर्माताओं द्वारा पेश किए जा रहे इनोवेंशन्स की जानकारी से अवगत कराएगा। यह



उन्हें मॉड्यूलर किचन, कुकिंग, कुकवेयर, किचन अप्लायंसेज और किचन टूल्स में भावी ट्रेंड्स और प्रोडक्ट इनोवेशन को समझने में मदद करेगा।

चॉपिंग से ग्रेटिंग, सफाई से लेकर भोजन तैयार करने तक, ब्लेंडिंग से लेकर फूड प्रोसेसिंग, बेकिंग, स्टीमिंग या सॉटिंग, बोइलिंग से लेकर फ्राई करने तक, टोस्टिंग से लेकर रोस्टिंग तक, आइसिंग से लेकर डेकोरेटिंग तक... किचन की सभी गतिविधियों में सामग्रियों, प्रक्रियाओं, सुविधा और आराम के संबंध में एक क्रांति को देखा जा रहा है। कुकिंग में स्वचालन, पोषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण नए अग्रणी पहलू हैं।

खाद्य भंडारण, तैयारी, प्रसंस्करण और परोसने के सभी चरणों में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा नई मांगें हैं जिससे और भी अधिक इनोवेशन्स अपेक्षित होंगे।

एचजीएच इंडिया २०२२ में, स्मार्ट किचन के लिए एक विशेष पैवेलियन में रिटेलर्स और ट्रेड विजिटर्स को अपडेट करने के लिए आगामी रुझानों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## वॉल्स और विंडोज़

an initiative by HGH India

क्योंकि उपभोक्ता अपने घरों के अंदर अधिक शैली और सुविधा का विकल्प चुनते हैं, वे अपनी दीवारों और खिड़कियों पर सौंदर्यशास्त्र और कार्यक्षमता को संयोजित करने के लिए इनोवेटिव सामग्रियों और तकनीकों की खोज़ करते हैं। सामान्य वॉलपेपर्स, ब्लाइंड्स और पर्दों से फोकस अब ऑटोमेशन, उन्नत सन प्रोटेक्शन मटेरियल, व्यक्तिगत डिजाइन और किसी व्यक्ति की पसंद और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति पर शिफ्ट होता जा रहा है।

भारत में वॉलपेपर, ब्लाइंड्स, पर्दे, वॉल फिनिश और विंडो ऑटोमेशन तेजी से बढ़ रहे सेगमेंट हैं। भारतीय फर्निशिंग बाजार में सबसे पुरानी श्रेणियों में से एक होने के नाते, वॉल्स और विंडोज़ को आधुनिक डिजाइन, प्रौद्योगिकी और कार्यात्मक हार्डवेयर को बदलने और अनुकूलित करने की आवश्यकता है। वॉलपेपर के संबंध में भी डिजिटल प्रिंटिंग और बेहतर डिजाइन के साथ बेहतर सामग्री जैसे अधिक आधुनिक



टच की आवश्यकता है। यह इकॉनोमी, प्रीमियम और लग्ज़री हो- सभी सेगमेंट में बेहतर निष्पादन और सजावटी विचारों के लिए नई सामग्रियों का इस्तेमाल देखने को मिल रहा है। ये इनोवेशन्स खुदरा विक्रेताओं और वितरकों के लिए वॉलपेपर, ब्लाइंड्स, पर्दे और खिड़की के लिए उत्पादों में अभूतपूर्व परिवर्तन साबित हो सकते हैं।

हॉल १ में वॉल्स एंड विंडोज पैवेलियन- इन श्रेणियों में भारतीय इनोवेशन्स और वैश्विक प्रगति को हाईलाइट किया जाएगा।

वॉल्स एंड विंडोज के प्रदर्शकों में माइक्रोफाइबर, असदीप, होम फैब्रिक्स, विएंटो, वालम फैब्रिक्स, वालम होम डेकोर (पर्दे और पर्दे के कपड़े) विएंटो, नोवा, जी.डी. गुप्ता, सिप्को, विजन ब्लाइंड्स, इंटिमा डेकोर, ओमिक्रॉन ट्रियोनिक्स, फ्लोइन (ब्लाइंड्स), मार्शल, डी-वॉल, मुंशी, एस.सी. शेठ, एक्जिमस (वॉलपेपर), कोहिनूर, डॉल्फिन, ५६७, आर.टी. इंटरनेशनल, विरती, हेवा (कर्टेन रॉड्स एंड ब्लाइंड कंपोनेंट्स) और कई अन्य शामिल हैं।

## किड्स होम

an initiative by HGH India

**अपने बच्चों के लिए युवा भारतीय माता-पिता की बदलती जीवन शैली और खरीदारी की आदतों के साथ, इस सेगमेंट से जुड़े ब्रांड्स और निर्माताओं को अपने उत्पादों को बच्चों या खिलौनों के स्टोर से कहीं आगे निकलने की जरूरत है और इसके लिए उन्हें अपनी खुदरा और वितरण रणनीति को फिर से परिभाषित करना होगा...**

जैसे-जैसे भारत में किड्स होम का मार्केट बढ़ता है और माता-पिता बेहतर गुणवत्ता, बच्चों के अनुकूल उत्पादों की तलाश करते हैं, यह सेगमेंट नए अवसरों की बहुत अधिक संभावनाएं रखता है।

एचजीएच इंडिया २०२२ शिशुओं और बच्चों के घरेलू उत्पादों के लिए एक विशेष सेक्शन पेश करेगा, जिसमें बेड और बाथ, फर्नीचर, डेकोर, फ्लोरिंग, खिलौने, प्रैम्स, हॉब्बी, होम एक्टिविटीज, आउटडोर, स्पोर्ट्स और एडवेंचर, बाथरूम एक्सेसरीज, हाउसवेयर, हेल्थ तथा हाइजीन आदि शामिल हैं।

भारत में इस सेगमेंट में इनोवेटिव, अच्छी डिजाइन और अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों की मांग लगभग १५% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है। खरीदारी की आदतों में भी बदलाव आ रहा है और उपभोक्ता सुविधा और समय की बचत के लिए अपनी नियमित घरेलू खरीदारी के साथ-साथ बच्चों के उत्पादों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। विशेष किड्स स्टोर्स के अलावा,नियमित होम टेक्सटाइल्स, फर्नीचर, हाउसवेयर रिटेलर्स और लार्ज फॉर्मेट स्टोर्स, जिनमें से अधिकांश एचजीएच इंडिया के नियमित विजिटर्स हैं, अपने किड्स सेक्शन का विस्तार करने के इच्छुक हैं।

क्योंकि बच्चे अपनी गैजेट-संचालित जीवन शैली के साथ घर पर अधिक समय बिताते हैं, उपभोक्ता अपने बच्चों की रहने की जगह को अच्छी नींद, खेल, अध्ययन, आराम, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी जरूरतों के अनुरूप बनाना चाहते हैं।



हॉल १ में किड्स होम सेक्शन द्वारा बेबी ब्लैकेट्स, बेबी बेडिंग, टॉवेल्स और बाथ प्रोडक्ट्स, किड्स मैट्रेसेस और पिलो, किड्स होम यूटिलिटीज, प्रैम्स और वॉकर, किड्स फर्नीचर, कटलरी और टेबलवेयर, वॉटर बोटल, किड्स स्टोरेज, सॉफ्ट टॉयज, टेक्निकल और एक्शन टॉयज, एजुकेशनल टॉयज, किड्स एक्सेसरीज, बच्चों के लिए स्कूल आर्टिकल्स एंड स्टेशनरी, स्पोर्ट्स, लीजर एंड आउटडोर इक्विपमेंट्स, मैटरनिटी प्रोडक्ट्स, बेबी गिफ्ट सेट, पार्टीज एंड सेलिब्रेशन प्रोडक्ट्स, फेस्टिव प्रोडक्ट्स, डिस्पोजेबल आर्टिकल्स, डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी।

प्लूची द्वारा बुने हुए सॉफ्ट टॉयज, बेबी और किड्स बेडिंग, बेबी टॉवेल्स, एक्सेसरीज, कम्फर्टर्स, गिफ्ट सेट्स आदि की एक बेहद रचनात्मक रेंज पेश की जाएगी। वे डिज्नी/मार्वल/स्टारवार्स लाइसेंस्ड बेबीज़ और किड्स प्रोडक्ट्स की अपनी रेंज भी प्रदर्शित करेंगे। हैप्पी होम लिनेन द्वारा किड्स बेड लिनेन, शेप्ड कुशन, शावर कर्टन, पिलो, रज़ाई को भी प्रस्तुत किया जाएगा। सेंचुरी मैट्रेसेस एक विशेष किड्स मैट्रेसेस कलेक्शन लेकर आएंगे। बोनहुर और डॉक्टर टॉवेल्स उनके किड्स टॉवेल्स लाइन्स को पेश करेंगे। भारत में टॉवेल्स के बेहतरीन उत्पादकों में से एक शारदा टेरी अपने ब्रांड माइक्रो कॉटन के तहत बच्चों के लिए बेड शीट्स और टॉवेल्स दोनों लॉन्च करेगी। ईपीसीएच ने हस्तनिर्मित लकड़ी के खिलौनों के निर्माताओं, बच्चों के फर्नीचर और बच्चों और शिशुओं के अन्य उत्पादों की एक समूह भागीदारी का आयोजन किया है। कई अन्य नियमित प्रदर्शक भी विशेष किड्स रेंज को पेश करेंगे।

# सरकार का बढ़ता समर्थन

पिछले एक दशक में, एचजीएच इंडिया ने न केवल आकार और प्रतिष्ठा में विस्तार किया है, बल्कि अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए लगातार अच्छे व्यावसायिक परिणाम भी पेश किए हैं। आज, इस ट्रेड शो को भारत में और विश्व स्तर पर भारतीय घरेलू बाजार के लिए एक प्रभावी माध्यम के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो इसके प्रदर्शकों को पूरे भारत के ५०० से अधिक शहरों और कस्बों के ३६,००० से अधिक गंभीर ट्रेड खरीदारों से जोड़ता है। एचजीएच इंडिया के प्रदर्शकों में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय और भारतीय ब्रांड, डिजाइनर, बड़े निर्माता, एमएसएमई इकाइयां, आयातक और निर्यातक शामिल हैं। बाजार के अग्रणी और सर्वोच्च भारतीय ब्रांड से लेकर विभिन्न महाद्वीपों के ३२ देशों के बहुराष्ट्रीय उद्यमी नियमित रूप से एचजीएच इंडिया में भागीदारी कर रहे हैं।





हस्तशिल्प, हथकरघा और कुटीर क्षेत्र एचजीएच इंडिया के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक रहे हैं, जो भारत के राष्ट्रीय बाजार के लिए एक दीर्घकालिक प्रवेश द्वार खोजने का प्रयास कर रहे हैं। इस तरह के अधिक से अधिक छोटे निर्माता साल दर साल भली भांति स्थापित ऑफ़लाइन और ऑनलाइन रिटेल चेन से जुड़ रहे हैं। पूरे भारत के ५५० शहरों और कस्बों के ३७,००० गंभीर ट्रेड खरीदारों में से ७०% ने एचजीएच इंडिया को सोर्सिंग, ट्रेंड्स और बाजार की जानकारी के लिए अपने वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा बना लिया है। घरेलू श्रेणी (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं सहित) में भारत में शीर्ष १०० खुदरा श्रृंखलाओं और वितरकों में से, ९५% नियमित रूप से एचजीएच इंडिया में भागीदारी करते हैं। एचजीएच इंडिया के ९०% से अधिक आगंतुक वरिष्ठ निर्णयकर्ता होते हैं। इसके अलावा, मुख्य रूप से एशिया और अफ्रीका में उभरते बाजारों से लगभग २८ देशों के ट्रेड खरीदार भी नियमित रूप से एचजीएच इंडिया में आते हैं, जिससे होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर और उपहार की श्रेणियों में भारतीय उत्पादों के लिए अप्रयुक्त निर्यात क्षमता पैदा हो रही है।

छोटे और मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खुदरा विक्रेताओं, आयातकों और संस्थागत खरीदारों के साथ जोड़ने के लिए एचजीएच इंडिया की क्षमता और प्रभावकारिता को पहचानते हुए भारत सरकार के तहत वस्त्र मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय; वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत डेवलपमेंट कमिशनर हैंडीक्राफ्ट्स और डेवलपमेंट कमिशनर हैंडलूम; उत्तर प्रदेश सरकार, हरियाणा सरकार ने एचजीएच इंडिया को कुछ ऐसे ट्रेड शो में मंजूरी दी है, जिसके लिए पात्रता रखने वाले प्रदर्शक उनकी विभिन्न योजनाओं के तहत बाजार विकास अनुदान या सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी भागीदारी की प्रभावी लागत कम हो सकती है।

१२ से अधिक एडिशन्स के साथ, एचजीएच इंडिया स्पष्ट रूप से उन प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए एक विश्वसनीय विकल्प और सबसे पसंदीदा ट्रेड शो के रूप में उभरी है, जो होम टेक्सटाइल्स, फर्निशिंग, होम फर्नीचर, होम डेकोर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स के तेजी से उभरते भारतीय बाजार पर ध्यान केंद्रित करते हैं। स्पष्ट रूप से, इन कारोबार में सभी हितधारक चाहे वे सरकारी, निजी या अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र से जुड़े हैं, एचजीएच इंडिया के साथ सहज महसूस करते हैं!

## ट्रेंड्स २०२२/२३

एचजीएच इंडिया द्वारा पूर्वानुमानित रुझान वर्षों से इसके प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए बहुत उपयोगी साबित हुए हैं। इस एडिशन में, एचजीएच इंडिया उपभोक्ताओं की पसंद में सुधार और अल्पावधि परिवर्तनों को अपनाने के बाद पिछले जुलाई २२ के एडिशन के पूर्वानुमान पर काम करना जारी रखेगी। २०२२/२३ की अवधि के लिए इनोवेटिव उत्पादों के साथ हॉल १ में एक नए ट्रेंड्स पैवेलियन में उत्पादों की एक नई वास्तविक श्रेणी का प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे खुदरा विक्रेता नई सोर्सिंग के लिए प्रेरणा ले सकते हैं। पिछले एडिशन से आगे बढ़ाते हुए, ये ट्रेंड्स घरेलू उत्पादों के बाजार पर सामाजिक, जीवन शैली और तकनीकी परिवर्तनों के प्रभाव को दर्शाते हैं। हर साल, एचजीएच इंडिया द्वारा भावी रंगों, डिजाइनों, सामग्रियों और शैलियों का पूर्वानुमान पेश किया जाता है, जो भारतीय बाजार में होम फैशन और लाइफस्टाइल ट्रेंड्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना रखते हैं।

''**विंड्स ऑफ चेंज**'' – एचजीएच इंडिया द्वारा आपके लिए लाए गए ट्रेंड्स वर्ष २०२२/२३ के लिए मजबूती से उभरते रंगों, डिजाइनों और सामग्रियों का भली भांति शोध किया गया एकीकरण है। आने वाले सीज़न के लिए अपने नए संग्रह बनाने या स्रोत बनाने के लिए आपको इस ट्रेंड बुक में व्यापक डिज़ाइन निर्देश मिलेंगे। ये ट्रेंड्स चार समूहों – हीलिंग ग्रीन, इको आर्टिस्ट, पर्पल एवेन्यू और पीसफुल एम्बर में भारतीय बाजार के लिए २०२२-२३ के लिए डिजाइन तत्वों का वर्णन करते हैं। २०२२/२३ के लिए एचजीएच इंडिया के रुझान सभी घरेलू श्रेणियों– होम टेक्सटाइल्स, फर्निशिंग फैब्रिक्स, होम डेकोर, एक्सेंट फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स पर लागू होते हैं।

Healing Green
हीलिंग ग्रीन



Eco Artist
इको आर्टिस्ट



Purple Avenue
पर्पल एवेन्यू



Peaceful Amber
पीसफुल एम्बर

